शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2021

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं । सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

मौखिक अभिव्यक्ति कौशल की विशेषताएँ बताते हुए इसके विकास की क्रियाओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

भाषा शिक्षण में उच्चारण शिक्षण का महत्त्व बताइए एवं उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी वर्णों का वर्गीकरण कीजिए ।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

कहानी शिक्षण का महत्त्व तथा उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहानी शिक्षण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ।

अथवा

निदानात्मक शिक्षण तथा उपचारात्मक शिक्षण को स्पष्ट करते हुए दोनों प्रक्रियाओं में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

(क) हिन्दी शिक्षक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(ख) भाषा के प्रकार्यों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) हिन्दी शिक्षण में पाठ्य-पुस्तकों का महत्त्व समझाइए ।

(घ) एकांकी और नाटक में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) हिन्दी शिक्षण में मूल्यांकन की आवश्यकता और महत्त्व स्पष्ट कीजिए ।

(च) एक अच्छे प्रश्न-पत्र की विशेषताएँ बताइए ।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

निबंध की विशेषताएँ समझाइए । माध्यमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यक्रम से किसी निबंध का चयन कर, निबंध शिक्षण के महत्त्वपूर्ण चरणों पर आधारित पाठ-योजना तैयार कीजिए ।